पंजाब केसरी 12/10/2023

इंटरनैशनल गर्ल चाइल्ड-डे पर गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज ने निकाली जागरूकता रैली

अम्बाला, 11 अक्तूबर (कमराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज अम्बाला छावनी के अंग्रेजी विभाग द्वारा विभागाध्यक्ष डा. अमित की देखरेख में बुधवार को इंटरनैशनल गर्ल चाइल्ड-डे पर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बालिकाओं को अच्छा स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा और समानता पूर्ण व्यवहार जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को इसकी शुरुआत अपने आसपास से ही करनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य दुनियाभर की बालिकाओं की आवाज को सशक्त करना, आने वाली चुनौतियों और उनके अधिकारों के संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करना है।

इसमें बाल विवाह, लड़कियों के प्रति भेदभाव और हिंसा जैसी बुराइयां को समाप्त करना भी है।

कार्यक्रम की संयोजिका डा. नीना ने स्लोगन 'सेव गर्ल चाइल्ड, सेव टौमारो' द्वारा बालिकाओं की समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका की ओर प्रकाश डालते हुए इस रैली की शुरुआत की। रैली में पोस्टर एवं स्लोगन द्वारा विद्यार्थियों ने बालिकाओं पर होने वाले मानसिक एवं शारीरिक शोषण, लैंगिक असमानता व कुपोषण आदि जैसी समस्याओं को बताते हुए विद्यार्थियों द्वारा समाज को जागरूक किया गया।

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज द्वारा इंटरनैशनल गर्ल चाइल्ड-डे पर निकाली गई जन जागरूकता रैली में भाग लेते विद्यार्थी।

कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग से डा. कमलेश कुमारी, डा. ज्योति एवं महक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रैली में कालेज के लगभग 110 बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाज में जागरूकता पैदा करने के लिए अपनी सक्रिय भूमिका अदा की।